# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

कार्यालय - होशंगाबाद मार्ग, भोपाल - 462 026

क्रमांक : 9..6.8.5/परीक्षा/17 भोपाल, दिनांक : 17.10.2017

प्रति,

प्राचार्य,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल।

विषयः—सत्र 2017—18 की परीक्षाओं के आवेदन पत्र हेतु आवश्यक निर्देश।

उपरोक्त विषयांतर्गत नवीन सत्र 2017—18 में आयोजित स्नातक प्रथम सेमेस्टर एटीकेटी/पूर्व छात्र/तृतीय, पंचम सेमेस्टर/वार्षिक पद्धति एवं स्नातकोत्तर प्रथम, तृतीय सेमेस्टर हेतु **निम्नलिखित आवश्यक निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाना है जो निम्न प्रकार है :—**

01.स्नातक तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की निर्धारित तिथि अनुसार ही परीक्षा आवेदन पत्र जमा किए जाऐगें। निर्धारित तिथि के पश्चात परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार नही किए जावेगें जिसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय का होगा।।

02.प्रायः यह देखने में आया है कि कुछ महाविद्यालय छात्र से बिना परीक्षा आवेदन पत्र भरे परीक्षा में सम्मिलित करा लिया जाता है जिससे विकट स्थिति उत्पन्न होती है ऐसी स्थिति में संपूर्ण उत्तरदायित्व महाविद्यालय के प्राचार्य का होगा तथा प्राचार्य को यह सुनिश्चित करना होगा कि संबंधित छात्रों परीक्षा आवेदन पत्र वि.वि. में तत्काल समस्त दस्तावेजों के साथ जमा कराई जाए तथा ऐसे छात्रों से संबंधित जानकारी भी वह महाविद्यालय स्तर पर संकलित रखे अन्यथा की स्थिति में प्राचार्य की जिम्मेदारी निर्धारित की जावेगी। एटीकेटी एवं नियमित छात्रों को परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय में जमा करने के उपरांत ही परीक्षा में सम्मिलित कराया जावे।

03.निर्धारित तिथि तक ऑनलाईन किए गए नामांकन आवेदन पत्र एवं परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय में जमा करें। निर्धारित समय सीमा के बाद कोई भी फार्म मान्य नही होगे।

04.निर्धारित विषय समूह के अनुसार ही छात्र/छात्राओं के विषय का उल्लेख परीक्षा आवेदन पत्र में किया जावे।

05.छात्र/छात्राओं को प्राप्त प्रवेश पत्र में उनके नाम माता/पिता का नाम, जन्मतिथि, फोटो एवं विषय आदि का कक्षा 10वी., 12वी की अंकसूची के अनुरूप ही भरे और कोई त्रुटि पायी जाती है तो उसका सुधार परीक्षा समाप्त होने से पूर्व आवश्यक रूप से विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर या प्राचार्य के माध्यम से त्रुटि में संशोधन करवा लिया जावे। (आधार पाठ्यक्रम के प्रश्नपत्र के दिन छात्र/छात्राओं को परीक्षा हाल में आवश्यक रूप से सूचित करना सुनिश्चित करें।)

06.स्नातक कक्षाओं के प्रथम सेमेस्टर/प्रथम वर्ष में कक्षा 10वी., 12वी की अंकसूची लगाना सुनिश्चित करें। महाविद्यालय द्वारा छात्रों के परीक्षा आवेदन पत्र में अंकसूची संलग्न नहीं करते है और पत्र भेजने के उपरांत भी अंकसूचियां उपलब्ध नहीं कराते जिससे छात्र का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हो पाता है परीक्षा परिणाम घोषित के उपरांत एक —एक छात्र की अंकसूचियां बाद में छात्र/छात्राओं को दी जाती है जिससे परीक्षा परिणाम तैयार करने में बहुत कठिनाई उत्पन्न होती है।

07.स्नातक/स्नातकोत्तर के समस्त कक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्रके साथ अंकसूची अनिवार्य रूप से संलग्न करें जिससे छात्र के आवेदन पत्रों की जांचकर पात्रता सुनिश्चित की जा सके।

08.जिन छात्रों को पात्रता प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है उनके पात्रता प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें।

निरंतर :— 2

09 जिन कक्षाओ मे प्रतिशत के आधार पर पात्रता निर्धारित है ऐसे छात्रों के परीक्षा आवेदन पत्रों की जांच करने के उपरांत ही विश्वविद्यालय मे जमा करावें यदि निर्धारित प्रतिशत से कम है तो ऐसे परीक्षा आवेदन पत्र मान्य नहीं होगें (उदाहरण 50 प्रतिशत निर्धारित है तो इससे कम प्रतिशत वाले परीक्षार्थी के परीक्षा फार्म अग्रेषित न करें) निर्धारित अर्हता से कम प्रतिशत वाले परीक्षा आवेदन पत्र यदि विश्वविद्यालय भेजे जाते हैं उसका समस्त उत्तरदायित्व महाविद्यालय का होगा।

10 CF(केरी फारवर्ड) अंक को व्यवस्थित तरीके से मूल अंकसूची के आधार पर प्रविष्ठ करें, यदि महाविद्यालय ने परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत किसी छात्र का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हुआ है अथवा किसी छात्र को किसी विषय/प्रश्नपत्र में अनुपस्थित दर्शाया है तो उसकी जानकारी तत्काल वि.वि. को उपलब्ध कराएं तथा यह भी सुनिश्चित करें कि ऐसे छात्रों के प्रकरण में वि.वि. स्तर पर कार्यवाही पूर्ण की जाए।

कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल

पृ.क्रमांक : 946 /परीक्षा/17 भोपाल, दिनांक 13/10/17

प्रतिलिपिः–
01. अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र.शासन, मंत्रालय की ओर सादर सूचनार्थ।
02. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र.शासन, सतपुड़ा भवन भोपाल की ओर सूचनार्थ।
03. विशेष सहायक, माननीय मंत्रीजी, उच्च शिक्षा भोपाल की ओर सूचनार्थ।
04. कुलपतिजी के सचिव के माध्यम से कुलपतिजी को सादर सूचनार्थ।

कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल